CLASS - VII
SEC - A/B
SUB - HIGHER HINDI
CH-3 : मिठाईवाला

Page No :
Date :

प्र.- प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

मौखिक

क) खिलौनेवाले की आवाज़ में क्या विशेषता थी?
→ खिलौनेवाले की आवाज़ में मिठास तथा मधुरता थी।

ख) लेखक ने खिलौनेवाले के गाने को 'सागर की हिलोर' जैसा क्यों कहा?
→ लेखक ने खिलौनेवाले के गाने को 'सागर की हिलोर' जैसा इसलिए कहा क्योंकि जिस प्रकार सागर की लहरें अपने शांत स्वभाव से सभी को आकर्षित करती हैं उसी प्रकार खिलौनेवाले का मादक गान गली भर के मकानों में लहराता हुआ पहुँचता और सभी को प्रसन्न कर देता था।

ग) खिलौने देखकर रोहिणी हैरान क्यों रह गई?
→ जब रोहिणी ने चुन्नु और मुन्नु के हाथ में नए खिलौने देखे तो उसने बच्चों से पूछा कि यह खिलौने उन्होंने कितने में लिए हैं। जब मुन्नु ने कहा कि दो पैसे में तो खिलौने के इतने कम दाम सुनकर रोहिणी हैरान रह गई।

घ) रोहिणी को मिठाईवाले का स्वर परिचित क्यों लगा?
→ रोहिणी ने जब अपने मकान की छत से देखा कि मिठाईवाला मीठे स्वर में आवाज लगा रहा है तो उसे लगा कि उसने पहले भी यह आवाज़ सुनी है। जब उसने मिठाईवाले से पूछा तो उसने बताया कि पहले वह खिलौने और फिर मुरली बेचने आया था। इस प्रकार रोहिणी का अनुमान ठीक निकला।

ङ) X

Scanned with CamScanner

लिखित

क) खिलौनेवाले की आवाज़ सुनकर इन पर क्या प्रभाव पड़ता था –
(i) युवतियाँ (ii) बच्चे

-> (i) युवतियाँ – जब खिलौनेवाले का स्नेहपूर्ण गान सुनकर निकट के मकानों में हलचल मच जाती तब छोटे - छोटे बच्चों को अपनी गोद में लिए हुए युवतियाँ चिकों को उठाकर छज्जों पर से नीचे झाँकने लगती।

(ii) बच्चे - जब खिलौनेवाले की आवाज़ बच्चे सुनते तो वे झुंड बनाकर उसे घेर लेते। तब खिलौने-वाला वहीं-कहीं बैठकर खिलौनों की पेटी खोल देता जिसे देखकर बच्चे प्रसन्न हो उठते।

ख) 'मुरलीवाला देर तक बच्चों को मुरली बेचता।' लिखिए-कैसे?
-> मुरलीवाला देर तक बच्चों के झुंड में मुरलियाँ बेचता था। उसके पास कई रंग की मुरलियाँ थी। बच्चे जिस रंग की मुरली पसन्द करते वह उन्हें वही मुरली निकालकर दे देता। जिन बच्चों के पास पैसे नहीं होते वह उन्हें समझाता कि उन्होंने अम्मा से ठीक तरह से पैसे माँगे न होंगे। यदि किसी की माँ के पास पैसे नहीं होते तो वह उन्हें भी मुरली दे देता।

ग) मिठाईवाला किसलिए मिठाइयाँ बेचता था?
-> मिठाईवाला अपने नगर का एक सम्मानित आदमी था। उसके पास व्यवसाय, गाड़ी - घोड़े, नौकर-चाकर सभी कुछ था। उसके दो सुंदर बच्चे थे जिनके उछल- कूद से घर में शोर मचा रहता था। परंतु जब वे जीवित नहीं रहे तो मिठाईवाले ने सोचा कि उन्होंने कहीं तो जन्म लिया ही होगा।

Page No :
Date :

और
यह सोचकर वह एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाता, सस्ती चीजें बेचता। दूसरे बच्चों में वह अपने बच्चों को खोजता था इसलिए उसने मिठाइयाँ बेचने का काम शुरू किया।

घ) रोहिणी मिठाईवाले से अधिक प्रश्न पूछने को आतुर क्यों थी?

> रोहिणी मिठाईवाले से अधिक प्रश्न पूछने को आतुर इसलिए थी क्योंकि जब उसने मिठाईवाले की मादक, मृदुल आवाज़ सुनी तो उसे ऐसा लगा कि वह इस स्वर से परिचित है। वह जानना चाहती थी कि क्या वह पहले भी इधर खिलौने और मुरलियाँ बेचने आया था या नहीं। रोहिणी को उसके स्वर में दर्द का एहसास हो रहा था। वह बच्चों के प्रति इतने स्नेहपूर्ण व्यवहार का कारण जानना चाहती थी।

प्र. आशय स्पष्ट कीजिए-

"पर हाँ, संतोष, धीरज और कभी-कभी असीम सुख जरूर मिलता है। और यही मैं चाहता भी हूँ।"

> कहानी 'मिठाईवाला' में लेखक ने एक धनी व प्रतिष्ठित व्यक्ति की मनोदशा का मार्मिक चित्रण किया है। उसके पास सुख-संपत्ति थी। पत्नी व दो छोटे-छोटे बच्चे भी थे, परन्तु अब कोई नहीं है इसलिए वह दुखी और अशांत है। बच्चों का प्यार प्राप्त करने के लिए वह बच्चों की पसन्द की चीजे जैसे कभी खिलौने, कभी मुरलियाँ और कभी मिठाइयाँ गली-गली जाकर सस्ते दामों पर बेचता। जब बच्चे उसके पास चीज़ें खरीदने आते और तोतली भाषा में बातें करते तो उसे उन बच्चों में अपने बच्चों की झलक दिखाई देती। उसके पास पैसे की कमी नहीं है, कमी है तो सुख, संतोष व धीरज की जो उसे इन बच्चों से मिल जाती है।

Scanned with CamScanner

Page No :
Date :

भाषा से

प्र. 1. नीचे लिखे शब्दों के विलोम शब्द लिखिए -

सस्ती - महँगी	गुण - अवगुण
पसन्द - नापसंद	निर्जीव - सजीव
विचित्र - अविचित्र	संतोष - असंतोष
मधुर - कर्कश	लायक - नालायक

प्र. 2 H/W

प्र. 3 निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन बनाइए -

गाड़ी - गाड़ियाँ	मुरली - मुरलियाँ
पेटी - पेटियाँ	टोली - टोलियाँ
उँगली - उँगलियाँ	मिठाई - मिठाइयाँ

प्र. 4 - X

प्र. 5 X

प्र. 6 X

प्र. 7 निम्नलिखित शब्दों में से विशेषण - विशेष्य अलग-अलग करके लिखिए -

(i) मीठे स्वर
विशेषण - मीठे, विशेष्य - स्वर

(ii) अधूरे वाक्य
विशेषण - अधूरे, विशेष्य - वाक्य

Scanned with CamScanner

Page No :
Date :

(iii) छोटे - छोटे बच्चे
विशेषण - छोटे - छोटे , विशेष्य - बच्चे

(iv) नन्ही - नन्ही उँगलियाँ
विशेषण - नन्ही - नन्ही , विशेष्य - उँगलियाँ

(v) दुबला - पतला, गोरा युवक
विशेषण - दुबला - पतला, गोरा
विशेष्य - युवक

(vi) खट्टे फल
विशेषण - खट्टे , विशेष्य - फल

(vii) गरम - दूध
विशेषण - गरम , विशेष्य - दूध

(viii) सुंदर, रंग - बिरंगे पक्षी
विशेषण - सुंदर , रंग - बिरंगे
विशेष्य - पक्षी

प्र०8 संबंधबोधक शब्दों द्वारा खाली स्थान भरिए -

(i) घर के आगे से मुरलीवाला जा रहा था।

(ii) मुरलीवाले के बारे में समाचार फैल गया।

(iii) वे मकान के भीतर चले गए।

(iv) तुम्हारी माँ के पास पैसे नहीं हैं।

— x —

Scanned with CamScanner